**[समय: ३ घंटे]** **[गुण: १००]**

**सूचना:** **१. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**
**२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |**

**प्रश्न.१** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ -सहित व्याख्या कीजिए | **२०**

क) "खग - कुल - कुल - कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो, यह लतिका भी भर लाई,
मधु, मुकुल नवल रस - गागरी |"

**अथवा**

"चमक उठी सन सत्तावन में वह तलवार पुरानी थी |
बुन्देले हरबोलो के मुँह हमने सुनी कहानी थी |
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसीवाली रानी थी |"

**ख)** "अबोध क्या बक रही है? राजकीय अनुग्रह का तिरस्कार ! तेरी भूमि से चौगुना मुल्य है ; फिर कोसल का यह सुनिश्चित राजकीय नियम है |"

**अथवा**

"यह समाचार बिजली की तरह सारे शहर में फैल गया | बहुत साल बाद इस शहर से कोई लड़का डिप्टी - कलक्टरी के इंटरव्यू के लिए बुलाया गाय था | लोगो मे आश्चर्य का ठिकाना न रहा |"

**प्रश्न.२** निम्नलिखित प्रश्नो का सविस्तार उत्तर दीजिए | **३०**

ग) जयशंकर प्रसाद क परिचय देते हुये 'बीती विभावरी जाग री', कविता पर प्रकाश डालिए ?

**अथवा**

'जलाओ दिये पर ध्यान रहे इतना' कविता का संदेश लिखिए |

घ) 'पुरस्कार' कहानी के मधूलिका का चरित्र -चित्रण कीजिए |

**अथवा**

'पाजेब' कहानी सच्चे बाल मन की कहानी है, सिद्ध कीजिए |

**प्रश्न.३** निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी कीजिए | **१०**

च) नर हो न निराश करो मन को |

**अथवा**

सिंदूर तिलकित भाल |



15B69B542B56883B4601B357BA571DF5

छ) हार की जीत कहानी का सुलतान |

**अथवा**

अपना गाँव का हरिया |

**प्रश्न.४** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए | १०

१) प्रेमचंद का पूर्व नाम क्या था?
२) गौरीपुर में रामलीला के कौन जन्मदाता थे?
३) कहाँ के राजा को कृषक बनना पड़ता था?
४) इलाके का प्रसिद्ध डाकू कौन था?
५) अंग्रेजसाहब को किसके हाथ की बनी फुलकारी चाहिए ?
६) किसका पेट-पीठ मिलकर एक है?
७) आधुनिक मीरा किस कवयित्री को कहते है?
८) किस राज्य के राजा नि:संतान मरे?
९) नागार्जुन को क्या याद आते है?
१०) दिया जलाते समय क्या ध्यान रखना चाहिए ?

**प्रश्न.५** आपका कोई मित्र १२ वि परीक्षा में महाविद्यालय में प्रथम आया है, उसे बधाई पत्र लिखिए? १०

**अथवा**

नवभारत समाचार पत्र के संपादक को एक शिकायत पत्र लिखिए जिसका विषय हो आपके शहर में अनियमित विद्युत् कटौती ?

**प्रश्न.६** सभी प्रश्नो को सूचनानुसार उत्तर लिखिए | १०

अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध लिखिए | ०२
१) हमारे देश महान है |
२) उसका कपडे रंगीन है |

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द लिखिए | ०२
१) देश की आर्थिक नगरी मुंबई है |
२) जलेबी गोल होती है |

इ) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द लिखिए | ०२
१) तुम हमेशा सच बोलो |
२) वह लड़का होशियार है |



15B69B542B56883B4601B357BA571DF5

ई) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द लिखिए | ०२

१) रमेश गोरा लड़का है |

२) संस्कृत देवभाषा है |

उ) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द लिखिए | ०२

१) सचिन क्रिकेट खेल रहा है |

२) श्रेया पढ़ती है |

**झ)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | १०

"गर्मी के बाद वर्षा आती है | इसके प्रभाव से प्रकृति लहलहा उठती है | सूखे पौधो और पत्तियों में नई जान आ जाती है | चारो और हरियाली छा जाती है | तालाब के किनारे मेंढक टर्र -टर्र करने लगते है | दुबली - पतली लताँए बढ़कर फैलने लगती है | वर्षा ज्यादा आनंद और उत्साह लाती है | यह जीवन के लिए उपयोगी है |"

१) वर्षा कब आती है?

२) किसके प्रभाव से प्रकृति लहलहा उठती है ?

३) टर्र- टर्र कौन बोलता है ?

४) वर्षा क्या लाती है ?

५) जीवन के लिए क्या उपयोगी है ?

*********

munotes.in



15B69B542B56883B4601B357BA571DF5